सोमवार
14 नवम्बर 2022
डिजिटल संस्करण

# केशव टाइम्स
आपकी आवाज



परिजनों की मांग : गिरफ्तारी नहीं अपराधियों का एनकाउंटर करें पुलिस, तब मिलेगा न्याय 4



## छोटी खबरें

### जज साहब ने अपना पैसा देकर गरीब बुजुर्ग के कर्ज को चुकाया

**जहानाबाद।** जहानाबाद व्यवहार न्यायालय परिसर में आयोजित लोक अदालत में शनिवार को जिला जज राकेश कुमार सिंह की दरियादिली देखने को मिला। दरअसल कोर्ट में आये एक बुजुर्ग ने लगभग 18 साल पहले बैंक से कर्ज लिया था। लेकिन यह बुजुर्ग कर्ज नहीं लौटा पा रहा था। बैंक द्वारा बार-बार उस बुजुर्ग को नोटिस भेजा जा रहा था। इसके पहले भी उसे नोटिस भेजा गया था और लोक अदालत में शामिल होने का निर्देश दिया गया था। लेकिन बुजुर्ग जैसे ही लोक अदालत में ऋण समझौता के लिए पहुंचा तो बैंक द्वारा बुजुर्ग से 18 हजार रुपए का डिमांड किया गया। बुजुर्ग ने कहा कि मैं बेटी के शादी में काफी कर्ज में डूबा हुआ हूं। इसलिए मेरे पास 5000 से अधिक नहीं हो सकता है। यह कह कर बुजुर्ग फफक फफक कर रोने लगा। जैसे ही जज राकेश कुमार ने इस मामले को सुना। उनको इस बुजुर्ग को देखकर दया आ गई और उन्होंने बैंक अधिकारियों से कहा कि इस बुजुर्ग का कर्ज.मैं अपने पैकेट से दे रहा हूं। इसके बाद जिला जज राकेश कुमार सिंह ने बुजुर्ग के कर्ज को चुका दिया।

### मुख्यमंत्री ने नवनिर्मित भवन का किया उद्घाटन

**पटना।** मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने रविवार को राजकमल प्रकाशन के स्थापना दिवस के अवसर पर अशोक राजपथ स्थित राजकमल प्रकाशन के नवनिर्मित भवन का फीता काटकर उद्घाटन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने राजकमल प्रकाशन समूह के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि आप सभी इसी तरह आगे बढ़ें और तरक्की करें। छात्र जीवन से ही हम यहां आते रहे हैं। राजकमल प्रकाशन काफी लोकप्रिय रहा है और इसकी लोकप्रियता बढ़ती जा रही है। राजकमल प्रकाशन के प्रति मेरे मन में काफी सम्मान है और रहेगा।

### बेतिया के रोहुआ नदी में मिली चार आंख वाली मछली

**बेतिया।** बिहार के बेतिया के नवलपुर की रोहुआ नदी में चार आंख वाली एक अजीबोगरीब मछली मिली है। इस मछली का नाम 'सकर माउथ कैटफिश' है। ये मछली अमेरिका की अमेजन नदी में पाई जाती है। ये मछली अब चर्चा का विषय बन गई है। ये मछली नदी के इको सिस्टम के लिए खतरनाक मानी जाती है। सकर माउथ कैटफिश मांसाहारी होती, जो छोटे जलीय-जीवों को खा जाती है। जिससे नदी का पर्यावरण तंत्र बिगड़ जाता है। मछली पकड़ने वाले मछुआरे बिकाऊ चौधरी ने बताया कि रविवार की सुबह वो रोहुआ नदी में मछली पकड़ने गया था।

# मंच पर गुस्सा हुए मंत्री अश्विनी चौबे, माइक को मोड़ा, मंच संचालक को दिया धक्का

- माइक से आवाज नहीं आने पर भड़के केंद्रीय मंत्री
- सनातन संस्कृति समागम में हर दिन कथावाचन के साथ ही हो रहा सांस्कृतिक कार्यक्रम

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम कार्यक्रम के दौरान केंद्रीय मंत्री व बक्सर के सांसद अश्विनी चौबे का पारा उस समय सातवें आसमान पर पहुंच गया जब उनके माइक से आवाज नहीं आई। यह बात उन्हें इतनी नागवार गुजरी कि वह मंच पर गुस्से से तमतमाए नजर आए। गुस्से में उन्होंने पोडियम के माइक को मोड़ दिया। यही नहीं उनके पास में खड़े मंच संचालक को भी उन्होंने धक्का दे दिया। इस घटना का वीडियो रविवार को पूरे दिन सोशल मीडिया पर वायरल होता रहा। जानकारी के अनुसार संतो द्वारा किये जा रहे प्रज्ञा परवाह का संचालन कर रहे जियर स्वामी द्वारा बोलने के लिए दो मिनट का समय दिया गया।` इस दौरान उन्होंने अश्विनी चौबे को बोलने के लिए दो मिनट का समय दिया। कहा गया कि कार्यक्रम में कई लोगों को संबोधित करना है। ऐसे में सबको केवल दो मिनट का ही समय दिया जाएगा। इसके बादे अश्विनी कुमार चौबे ने पोडियम के पास पहुंचकर बोलना शुरू कर दिया। माइक बंद होने की जानकारी न होने पर कुछ सेकेंड वे संबोधित करते ही रहे। जब उन्हें सूचना मिली की अब तक माइक ही बंद है तो उन्होंने आपा खो दिया। गुस्से में मंच संचालक से कुछ कहा और उन्हें धक्का दे दिया। फिर दूसरे माइक के जरिए उन्होंने लोगों को संबोधित किया। कार्यक्रम का आयोजन श्रीराम कर्मभूमि न्यास के द्वारा किया जा रहा है। सनातन संस्कृति समागम में हर दिन बढ़ रही भीड़

बक्सर में सनातन संस्कृति समागम जैसे-जैसे अपने समापन की ओर बढ़ रहा है, वैसे-वैसे यहां आनेवाले लोगों की भीड़ बढ़ती जा रही है। सुबह में 9 बजे से 12 बजे अन्नताचार्य जी के द्वारा भक्तों को भागवत का रसपान कराया जा रहा है तो वही 12 बजे से दोपहर तीन बजे तक प्रज्ञा परवाह का कार्यक्रम किया जा गया। इसी दौरान दोपहर 3 बजे शाम 6 बजे तक रामभद्राचार्य जी द्वारा राम कथा सुनाई जा रही है। कोई भी कार्यक्रम कथा हो या सांस्कृतिक कार्यक्रम हो, प्रारम्भ होने से पहले केंद्रीय राज्य मंत्री अश्विनी चौबे का दो तीन मिनट का मौजूद लोगों के लिए संबोधन भाषण जरूर होता है।



### 125 किमी लंबी फोरलेन सड़क का उद्घाटन कर आम जनता को करेंगे समर्पित

# संत समागम में आज हिस्सा लेंगे नितिन गडकरी, फोरलेन का करेंगे लोकार्पण

- मंगलवार को यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी करेंगे शिरकत

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्रीराम कर्म भूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर द्वारा आयोजित कराए जा रहे सनातन संस्कृति समागम में सोमवार को केन्द्रीय सड़क परिवहन एवं राज मार्ग मंत्रालय के मंत्री नितीन गडकरी बक्सर आ रहे है। इस दौरान वे बक्सर पटना के बीच बनी 125 किलोमीटर लंबी फोरलेन सड़क का उद्घाटन कर उसे आम जनता को समर्पित करेंगे।

साथ ही, समागम में साधु संतों से आशीर्वाद भी प्राप्त करेंगे। उनके आगमन को लेकर जिला प्रशासन द्वारा तैयारी तेज कर दी गई है। चुरामनपुर के पास हेलीपैड का निर्माण किया जा रहा है। देर रात तक हेलीपैड निर्माण का काम जारी रहा। इस दौरान वरीय पदाधिकारी इसका निरीक्षण भी करते रहे। मिली जानकारी के अनुसार देर रात तक हेलीपैड निर्माण का काम पूरा कर लिया गया है। वे समागम में शामिल होने तथा बक्सर से पटना तक बनी फोरलेन सड़क का लोकार्पण करने के साथ ही करोड़ो की सड़क परियोजनाओं का शिलान्यास भी करेंगे। उनके आगम को लेकर जिला प्रशासन की कवायदें तेज हो गई है। सुरक्षा व्यवस्था को भी पुख्ता किया जा रहा है। हेलीपैड से लेकर महायज्ञ स्थल तक की सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद की जा रही है। केन्द्रीय मंत्री के साथ केरल के राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खां भी साधु संतों से आशीर्वाद लेने आएंगे।



निर्माणाधीन हेलीपैड

### योगी के आगमन को ले बढ़ी सरगर्मी, एक दिन पहले से तैनात होंगे एनएसजी कमांडो



इस समागम में यूपी के मुख्यमंत्री तथा कट्टर हिंदूवादी नेता योगी आदित्यनाथ के आगमन की सूचना पर प्रशासन सतर्क हो गया है। सबसे अधिक चिंता उनकी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर है। वे सवा दो बजे अहिरौली के पास बने हेलीपैड पर उतरेंगे। वहां से सीधे समागम स्थल पर जाएंगे। वे यहां लगभग एक घंटे तक रूकेंगे। इस दौरान सनातन संस्कृति कार्यक्रम, राम राज्य की ओर तथा वामनेश्वर श्रीराम कर्मभूमि तीर्थक्षेत्र महाकुंभ सह अंतरराष्ट्रीय संत सम्मेलन को संबोधित भी करेंगे। उनके आगमन को ले आयोजकों का जहां उत्साह बढ़ गया है, वहीं श्रद्धालु भी उनकी एक झलक पाने को अभी से ही बेताब हैं। उनके साथ बिहार के राज्यपाल फागू चौहान भी समागम में शामिल होंगे। बता दें कि योगी आदित्यनाथ को जेड प्लस की सुरक्षा दी गई हैं। जिस कारण एक दिन पहले ही बीस सुरक्षाधिकारी व सुरक्षाकर्मियों के साथ ही छह एनएसजी कमांडो बक्सर आएंगे। पूरे समागम स्थल को मजबूत किले के रूप में घेराबंदी की जा रही है। ताकी सुरक्षा व्यवस्था में किसी तरह की चूक न रह जाए।

### इतिहास बनाते जा रहा है संत समागम

अपने तरह का अनोखा यह समागम हर दिन इतिहास बनाते जा रहा है। पहले दिन से ही इसकी झलक भी दिखाई पड़ने लगी है। धार्मिक अनुष्ठान व सांस्कृतिक कार्यक्रमों के समावेश से श्रद्धालुओं में जहा आकर्षण है वही इस समागम ने एक झटके में ही राम भद्राचार्य जी महाराज, पूज्य श्री जीयर स्वामी जी महाराज समेत देश के ख्यातिलब्ध संत व महात्माओं का दर्शन कराने के साथ ही कैलाश खेर, अनुराधा पौडवाल, हंशराज रघुवंशी, मैथिली ठाकुर, देवी, शारदा सिन्हा जैसे उच्च कोटि के कलाकारों को भी एक मंच पर दिखा लोगों को भाव विभोर कर दिया। इसके महत्व पर प्रकाश डालते हुए केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे ने कहा कि जिस तरह से प्रभु श्रीराम ने बक्सर में रामेश्वरनाथ की स्थापना के बाद दक्षिण भारत के आखिरी छोर पर रामेश्वरम शिव की स्थापना कर उत्तर व दक्षिण भारत को एक सूत्र में बांधने का काम किया था।

### पाकिस्तान को पीटकर इंग्लैंड बना टी-20 2022 का नया बादशाह

**एजेंसी/मेलबर्न**

मेलबर्न में खेले गए टी-20 वर्ल्ड कप के फाइनल मुकाबले में इंग्लैंड ने पाकिस्तान को पटखनी देते हुए खिताब पर कब्जा जमा लिया है। इसके साथ ही इंग्लैंड टी-20 और वन डे दोनों का बादशाह बन गया है। इस जीत के साथ ही इंग्लैंड ने पाकिस्तान से 1992 वर्ल्ड कप का बदला ले लिया है। 1992 वनडे वर्ल्ड कप के फाइनल में पाकिस्तान ने इसी मेलबर्न क्रिकेट ग्राउंड पर इंग्लैंड को शिकस्त दी थी। अब 30 साल बाद इंग्लैंड ने पाकिस्तान को मेलबर्न में ही पांच विकेट से हराकर बदला ले लिया है। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पाकिस्तान ने 20 ओवर में आठ विकेट गंवाकर 137 रन बनाए। पाकिस्तान की बल्लेबाजी फ्लॉप रही। छह बल्लेबाज दहाई का आंकड़ा भी नहीं छू सके।

### गायिका मैथिली ठाकुर ने भजन गाकर सभी को झुमाया



माता अहिल्या धाम अहिरौली बक्सर में आयोजित सनातन संस्कृति समागम में हिस्सा लेने शनिवार की रात शास्त्रीय संगीत व भजन गायिका मैथिली ठाकुर अपने दोनों भाई व पिताजी के साथ पहुंचीं। मंच पर पहुंचते ही पहले उन्होंने सभी दर्शकों का अभिनंदन करते हुए अपने संगीत की शुरूआत हम कथा सुनाते राम सकल गुणगान की ये रामायण है पुण्य कथा श्री राम की भजन के साथ की। इसके बाद उन्होंने एक से बढ़कर एक भजन प्रस्तुत कर खूब वाहवाही लूटी।

# उदयपुर-अहमदाबाद को जोड़नेवाली रेलवे ट्रैक को माइनिंग विस्फोट से उड़ाया

- पीएम के उद्घाटन के 13 दिन बाद ही घटी घटना से सकते में प्रशासन

**एजेंसी/उदयपुर**

उदयपुर-अहमदाबाद को रेलवे लाइन से जोड़ने वाले ब्रॉडगेज ट्रैक को शनिवार रात को असामाजिक तत्वों ने विस्फोटक सामग्री से उड़ा दिया। ब्लास्ट की आवाज इतनी तेज थी कि 3 किलोमीटर की रेडियस में इसकी आवाज सुनाई दे गई। बड़ी बात यह है कि इस ट्रैक की मांग मेवाड़-वागड़ के लोग पिछले 14 साल से कर रहे थे, जिसे असामाजिक तत्वों ने 14 दिन भी नहीं रहने दिया।

13 दिन पहले ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुजरात के असवार रेलवे स्टेशन से ट्रेन को हरी झंडी देकर रवाना किया था और इसके बाद नियमित ट्रेन चल रही थी। घटना के बाद मौके पर रेलवे सहित प्रसाशन के आला अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच की। स्थानीय लोगों ने बताया कि यह घटना शनिवार रात करीब 8.00 से 9.00 बजे के बीच की है। यह घटना उदयपुर शहर से 50 किलो मीटर दूर जावर माइंस कस्बे के पास हुई। ग्रामीण युवकों का एक दल सुबह ट्रैक के पास पहुंचा और देखा तो पटरी टूटी हुई थी और बोल्ट भी निकले हुए थे। इससे अंदाज लगाया गया कि विस्फोट यहीं पर हुआ और माइनिंग में काम आने वाले विस्फोटक से ब्लास्ट किया गया। सुबह बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और हालात देखे। इसके बाद ग्रामीणों ने घटना की जगह से कुछ दूर ट्रेक पर ही लाल कोड बांधा ताकि कोई हादसा ना हो। इसके बाद रेलवे को सूचना दी। इसके बाद सुबह 6.30 अहमदाबाद के असावरा से आने वाली ट्रेन को डुंगरपुर में ही रोक दिया गया।

## एलएसी पर चीनी सैनिकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है

# थल सेना प्रमुख का दावा... गलवान से भी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में चीन

- विदेशी विशेषज्ञों का दावा: चीन पिछले 15 वर्षों से भारतीय सीमा से लगे कई विवादित भूभागों पर जमाना चाहता है कब्जा

**एजेंसी/नई दिल्ली**



भारत और चीन के बीच जून 2020 में गलवान घाटी में हिंसक झड़प हुई थी। इसमें 20 भारतीय जवान शहीद हो गए थे। जवाब में चीन के भी काफी सैनिक मारे गए थे। पहले इस घटना को अचानक और अप्रत्याशित तौर पर हुआ टकराव बताया जा रहा था। मगर हाल ही में कई विदेशी अध्ययन में यह बात सामने आई है कि गलवान घाटी में हुई चीनी सैनिकों की घुसपैठ अकारण नहीं थी, बल्कि वह एलएसी के सभी विवादित क्षेत्रों पर कब्जा करना चाहता था। मगर चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग इसमें सफल नहीं हो सके थे।

सूत्रों के अनुसार इस बार चीन एलएसी पर गलवान घाटी से भी बड़ी घटना को अंजाम देने की फिराक में है। शनिवार को थल सेना प्रमुख मनोज पांडे ने थिंक टैंक ग्रुप को संबोधित करते हुए दावा किया कि पूर्वी लद्दाख में फिलहाल स्थिति स्थिर तो है, लेकिन वह "अप्रत्याशित" है। उन्होंने खासकर डेमचोक और देपसांग क्षेत्र का नाम लिए बगैर दो क्षेत्रों के विवादों को दोनों देशों के बीच हल करने पर जोर दिया। सेना प्रमुख के अनुसार सात में से पांच मुद्दों को बातचीत से हल कर लिया गया है। मगर एलएसी पर चीनी सैनिकों की संख्या में कोई कमी नहीं आई है।

**वर्ष में सात-आठ बार भारतीय सीमा के विवादित क्षेत्रों में घुसपैठ करता है चीन:** हाल ही में विदेशी विशेषज्ञों ने अपने एक अध्ययन में दावा किया है कि चीन पिछले 15 वर्षों से भारतीय सीमा से लगे कई विवादित भूभागों पर कब्जा जमाना चाहता है। आक्साई चिन क्षेत्र के कई इलाके भी इसमें शामिल हैं। इसलिए वह वर्ष में सात-आठ बार भारतीय सीमा के विवादित क्षेत्रों में घुसपैठ भी करता है। भारतीय सेना के अनुसार भी चीनी सैनिक वर्ष में इससे भी ज्यादा संख्या में घुसपैठ का प्रयास करते हैं। इसलिए सेना पूरी तरह सतर्क है। चीन के सैनिकों का मंसूबा इस बार गलवान घाटी से भी बड़ी घटना को अंजाम देना का लग रहा है। शायद इसीलिए सेना प्रमुख ने कहा है कि वास्तविक नियंत्रण रेखा पर हमें अपनी कार्रवाई का बहुत सावधानी से आकलन करने की जरूरत है। ताकि भारत अपने हितों एवं संवेदनशीलताओं की सुरक्षा कर पाए। हालांकि भारत को उम्मीद है कि 17वें दौर की आगामी वार्ता में कई मुद्दों का हल निकल सकेगा।

**चीन की सभी गतिविधयों पर नजर रखे हुए है भारतीय सेना:** सीमा पर विवादित क्षेत्रों में चीन कई आर्मी बेस तैयार कर चुका है। यह भारत के लिए सबसे अधिक चिंता का विषय है। चीन यह सब युद्ध की तैयारी के मद्देनजर कर रहा है, क्योंकि उसकी नीयत और इरादा दोनों ही ठीक नहीं है। चीन काफी लंबे समय से भारत के कई भूभागों पर कब्जा करने की नीयत से अपने सैनिकों की घुसपैठ कराता रहता है। भारतीय सेना चीन की सभी गतिविधयों पर नजर रखे है और हर परिस्थिति में उसका सामना करने और अपने सीमा क्षेत्रों की रक्षा करने में सक्षम है। उन्होंने कहा कि सीमाक्षेत्रों में अपनी कार्ययोजना को बहुत सावधानी पूर्वक समायोजित करने की जरूरत है।

## एक नजर

### सड़क हादसे में एक की मौत, दो गंभीर रूप से घायल

**सासाराम।** जिले के बिक्रमगंज नगर परिषद क्षेत्र में डेहरी रोड पर रविवार दोपहर एक सड़क दुर्घटना में एक की मौत हो गई, जबकि दो गंभीर रूप से घायल हो गए। प्राप्त जानकारी के अनुसार बिक्रमगंज-डेहरी रोड पर दो तेज रफ्तार बाइकों की आमने-सामने टक्कर हो गई। जिसमें एक दोनों बाइकों पर सवार तीन लोग सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गए। वहां से गुजर रहे एक मुखिया ने तीनों घायलों को करूणा अस्पताल पहुंचाया। जिसमें गंभीर रूप से घायल मोहित कुमार को चिकित्सक ने रेफर कर दिया। परिजन उसे आनन-फानन में लेकर वाराणसी के लिए रवाना हुए, परंतु रास्ते में ही मोहित की मौत हो गई। मोहित 25 साल धारूपुर गांव के संजय सिंह का बेटा बताया जाता है। मौत की सूचना से संजय सिंह के घर कोहराम मच गया है। जबकि दो अन्य घायल डीहरा गांव के मनीष कुमार 27 साल एवं कन्हैया कुमार 26 साल का इलाज अस्पताल में चल रहा है।

### तुतला भवानी कुंड में डूबे सार्जेंट का शव बरामद

**सासाराम।** जिले के तिलौथू थाना क्षेत्र में स्थित तुतला भवानी कुंड में बुधवार को डूबने से एक युवक की मौत हो गई थी। युवक का शव रविवार सुबह कुंड से बरामद किया गया। एसडीआरएफ की टीम के द्वारा लगातार तीन दिन तक प्रयास से 80 घंटे बाद युवक के शव को बरामद करने में सफलता मिली है। मृतक जिले के कच्छवा थाना क्षेत्र के सोहदना गांव के विनोद शर्मा है। बताते हैं कि मृतक एयर फोर्स स्टेशन, बरेली में सार्जेंट के पोस्ट पर तैनात था। तिलौथू सीओ ने बताया कि शव बरामद कर लिया गया है, पोस्टमार्टम के बाद परिजनों को सौंप दिया जाएगा। मृतक गत 9 नवंबर को दोस्तों के साथ तुतला भवानी दर्शन करने आया था। दोस्तों के साथ कुंड में स्नान करने के दौरान वह डेंजर जोन में चला गया और डूब गया।

### पोखरा में मिला महिला का शव

**सासाराम।** जिले के सासाराम मुफ्फसिल थाना क्षेत्र के मोहद्दीगंज में रविवार शाम पोखरा में एक महिला का शव मिला है। सूचना पर मुफ्फसिल थाने की पुजिस मौके पर पहुंच चुकी है और शव को निकालने की कोशिश जारी है। शव की अभी तक पहचान नहीं हो सकी है। बताया जाता है कि मध्य विद्यालय के पीछे स्थित पोखरा में शाम के एक शव देखा गया। शव देखे जाने की बात क्षेत्र में आग की तरह फैली और बड़ी संख्या में लोग मौके पर जुट गए। शव एक महिला का बताया जाता है, जिसकी पहचान अभी नहीं हो सकी है।

# जदयू नेता के भतीजे की हत्या के खिलाफ दूसरे दिन भी हंगामा, टाउन थानाध्यक्ष सस्पेंड

- अपराधियों की गिरफ्तारी को लेकर आरा में तीन घंटे जाम रहा रोड
- घटना की जांच करने आरा पहुंचे डीआईजी ने थानाध्यक्ष को किया निलंबित
- छह के खिलाफ प्राथमिकी, एएसपी के नेतृत्व में टीम बना की जा रही छापेमारी

**केटी न्यूज/आरा**



जिले के नगर थाना क्षेत्र के शीतल टोला निवासी जेडीयू जिला उपाध्यक्ष के भतीजे आकाश भाई पटेल हत्याकांड में बड़ी कार्रवाई की गयी है। इन सब के बीच अपराध रोकने और पुलिसिंग में विफल रहे नगर थानाध्यक्ष अनिल कुमार को सस्पेंड कर दिया गया है।

शनिवार की देर रात घटना की जांच करने आरा पहुंचे शाहाबाद डीआईजी क्षत्रनील सिंह की द्वारा यह कार्रवाई की गयी है। इधर, हत्या के खिलाफ दूसरे दिन भी बवाल जारी रहा। रविवार की सुबह सड़क पर उतर लोगों ने जमकर हंगामा किया। अपराधियों की गिरफ्तारी सहित अन्य मांग को लेकर शिवगंज मोड़ के पास सड़क जाम कर दिया गया। टायर जला प्रदर्शन भी किया गया। इस कारण सदर अस्पताल और जेल रोड सहित अन्य सड़कों पर करीब तीन घंटों तक आवागमन पूरी तरह से बाधित रहा।

दूसरी ओर, हत्या और गोलीबारी के इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है। मृत आकाश भाई पटेल के पिता अमरजीत भाई पटेल के बयान पर केस किया गया है। उसमें छह लोगों को नामजद किया गया है। पांच-छह अज्ञात लोगों को भी आरोपित किया गया है। उसके बाद टीम गठित कर पुलिस छापेमारी में जुट गयी है। जानकारी के अनुसार आरा पहुंचे डीआईजी श्रत्रनील सिंह ने अपने स्तर से घटना की जांच की। डीआईजी देर रात ही टाउन थाना पहुंचे और घटना की पूरी जानकारी ली। सभी अफसरों को आवश्यक निर्देश भी। बता दें कि शनिवार की शाम शीतल टोला में आटा मिल में घुसकर अमरजीत भाई पटेल और उनके पुत्र आकाश भाई पटेल को गोली मार दी गयी थी। उसमें आकाश पटेल की मौत हो गयी थी। जबकि अमरजीत पटेल गंभीर रूप से जख्मी हो गए थे। उनका इलाज चल रहा है।

### टीम गठित कर की जा रही छापेमारी

पूर्व के विवाद में पिता-पुत्र को गोली मारी गयी थी। अपराधियों की धरपकड़ को लेकर टीम गठित कर छापेमारी की जा रही है। अपराध रोकने में विफल नगर थानाध्यक्ष को सस्पेंड कर दिया गया है। पूरे मामले की जांच की जा रही है। इसमें जो भी दोषी होंगे, उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। विधि-व्यवस्था को किसी भी हाल में बिगड़ने नहीं दिया जायेगा। - क्षत्रनील सिंह, डीआईजी शाहाबाद

# परिजनों की मांग : गिरफ्तारी नहीं, अपराधियों का एनकाउंटर करे पुलिस, तब मिलेगा न्याय

## पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही भड़के लोग, सुबह-सुबह सड़क पर उतरे

- सड़क जाम के दौरान परिजनों की मांग से पुलिस अफसर रहे हलकान
- एएसपी के आश्वासन पर शांत हुये परिजन, तीन घंटे बाद उठा शव

**केटी न्यूज/आरा**



घटना स्थल पर पहुंचे एएसपी व अन्य पुलिस अधिकारी



जाम के दौरान रोते बिलखते परिजन

शहर के शीतल टोला निवासी आकाश पटेल हत्याकांड के खिलाफ परिजनों सहित आम लोगों में जबरदस्त गुस्सा है। खासकर पुलिस के खिलाफ आक्रोश चरम पर है। रविवार की सुबह सड़क जाम के दौरान इनका गुस्सा देखने को मिला। लोगों द्वारा जमकर भड़ास निकाली गयी और जमकर नारेबाजी की गयी। डीएसपी व थानाध्यक्षों के समक्ष वरीय अफसरों को खूब खरी-खोटी सुनाई गयी। मौके पर मृतक के घर की महिला सदस्य द्वारा पुलिस के एक वरीय अफसर के खिलाफ अपमान जनक शब्द का भी इस्तेमाल किया गया। उसका वीडियो भी वायरल हो रहा है। वहीं सड़क जाम में शामिल परिजन गिरफ्तारी के बदले आरोपितों का एनकाउंटर करने की मांग कर रहे थे। इससे करीब तीन घंटे तक अफरातफरी मची रही। मौके पर पहुंचे एएसपी हिमांशु के काफी मशक्कत के बाद लोगों का गुस्सा शांत हो सका। बताया जा रहा है कि शनिवार की देर रात पोस्टमार्टम के बाद शव घर पहुंचते ही लोगों का आक्रोश फिर से भड़क उठे।

**पुलिस एनकाउंटर करे या आरोपितों को सौंप दे :** रविवार की सुबह होते ही परिजन सड़क पर उतर गये। शव के साथ शिवगंज मोड़ के समीप सड़क जाम कर दिया गया। टायर जलाकर प्रदर्शन किया गया। इस दौरान मृतक के घर की एक महिला सदस्य का कहना था कि गिरफ्तारी नहीं पुलिस अपराधियों का एनकाउंटर करें। गिरफ्तारी के बाद तो अपराधी छह माह में ही छुट कर आ जाते हैं और फिर हत्या कर देते हैं। ऐसे में पुलिस एनकाउंटर करे या आरोपितों को हमलोगों को सौंप दे। परिजन एसपी को हटाने की भी मांग कर रहे थे। बाद में एएसपी की ओर से थानाध्यक्ष को सस्पेंड किये जाने की जानकारी दी। साथ ही सभी आरोपितों को जल्द गिरफ्तार करने का ठोस आश्वासन दिया गया। उसके बाद लोगों का गुस्सा शांत हो सका। सड़क जाम में विभिन्न संगठनों के कार्यकर्ता और नेता भी शामिल थे।

### 10 नवंबर को दुकान में हुई थी लूटपाट व मारपीट

**आरा।** नगर के शीतल टोला आकाश पटेल हत्याकांड में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी। गोलीबारी में आकाश पटेल के जख्मी पिता अमरजीत भाई पटेल के बयान पर केस किया गया है। उसमें छह लोगों को नामजद किया गया है। पांच-छह अन्य अज्ञात लोगों को भ आरोपित किया गया है। प्राथमिकी में दो रोज पूर्व किराना दुकान में लूटपाट व मारपीट का केस करने पर गोली मारे जाने का आरोप लगाया गया है। प्राथमिकी में भोला जी के गली निवासी विक्की यादव, शिवम राजपूत, चरखंभा गली निवासी गोधन यादव, डाक्टर लक्ष्मी चरण के गली निवासी राहुल, विशाल और प्रभात कुमार को नामजद किया गया है। प्राथमिकी में अमरजीत भाई पटेल द्वारा कहा गया है कि दो दिन पूर्व उनकी ही किराना दुकान में नामजद आरोपितों द्वारा लूटपाट की गयी थी। विरोध करने पर दुकान में बैठे घर के मोहित और रोहित के साथ मारपीट की गयी थी। उसे लेकर उनके द्वारा केस किया गया था।

### परिवार के सदस्यों को धमकी देते भागे थे अपराधी

**आरा।** शनिवार की शाम करीब पांच बजे वह अपने बेटे आकाश के साथ मिल चला रहे थे। तभी सभी छह आरोपित उनकी आटा मिल में पहुंच गये। सभी के पास हथियार था। उस दौरान सभी ने कहा कि दो रोज पहले ही लूटपाट व मारपीट की गयी थी।

फिर भी तुमलोग डर नहीं रहे हो। आज तुम दोनों की हत्या कर दी जाएगी। उसके बाद आरोपितों द्वारा दोनों को गोली मार दी गयी। घटना के बाद आरोपित सभी परिवार के अन्य सदस्यों की हत्या की धमकी देते भाग गये। पुलिस प्राथमिकी दर्ज कर आरोपितों की धरपकड़ में जुट गयी है। इसके लिए एएसपी हिमांशु के नेतृत्व में दो अलग अलग टीम गठित की गयी है। घटना के बाद से ही टीम आरोपितों के हर ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। शनिवार की रात भी पुलिस आरोपितों के घरों पर पहुंची थी। लेकिन सभी घर से फरार थे। इसके बाद भी पुलिस आरोपीतों के गिरफ्तारी को लेकर अभीयान चलाती रही।

# रविवार व बुधवार को खुलते हैं विधिक सेवा प्राधिकार के सहायता केंद्र

**केटी न्यूज/जहानाबाद**



जिले के सदर प्रखंड के नौरू पंचायत में पैन इंडिया आउटरीच जागरूकता अभियान कार्यक्रम पैनल अधिवक्ता किरण कुमारी एवं पारा विधिक स्वयंसेवक विमल कुमार, आंगनबाड़ी कार्यकर्ता, आशा कार्यकर्ता, स्थानीय जनप्रतिनिधियों के सहयोग से विभिन्न ग्रामों में घर-घर दस्तक कार्यक्रम के अंतर्गत राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार के योजनाओं वरिष्ठ नागरिक संरक्षण, आपदा पीड़ित योजना, असंगठित क्षेत्र के कामगारों की योजना, पीड़ित प्रतिकर योजना आदि की जानकारी ग्राम वासियों को दी गई। पैनल अधिवक्ता किरण कुमारी ने ग्राम वासियों को बताया कि जो लोग भी मूलभूत बुनियादी सुविधाओं राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार के योजनाओं से वंचित है उन्हें लाभ दिलाना प्राधिकार का दायित्व है। इसी प्रयास के अंतर्गत आम ग्रामीणों से संपर्क स्थापित करने के लिए हम लोग पहुंचे हैं। प्राधिकार स्वयंसेवक विमल कुमार ने भी बताया कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकार की ओर से जिले में विभिन्न पंचायतों में सहायता केंद्र संचालित है, जो रविवार एवं बुधवार के दिन खुली रहती है। वरिष्ठ नागरिकों के लिए विशेष रूप से अनुमंडल कार्यालय में सोमवार बुधवार को सहायता केंद्र कार्य करती है।

# बांटो और राज करो की नीति पर चल रहे पलटू कुमार : चिराग पासवान

**केटी न्यूज/सासाराम**

जिले के अकोढ़ी गोला में रविवार को आयोजित हुए एक कार्यक्रम में लोजपा रामविलास के राष्ट्रीय अध्यक्ष चिराग पासवान भी शामिल हुए। जहां उन्होंने सूबे के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार पर सीधे निशाना साधा।

उन्होंने अपने संबोधन के दौरान कहा कि सूबे के लोग बाहर के राज्यों में पीट रहे है और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार लगातार कुर्सी बचाने में जुटे रहते हैं। बांटो और राज करो की नीति पर चलते है पलटू कुमार। चिराग पासवान ने कहा कि वे बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट विजन के तहत राज्य में परिवर्तन चाहते हैं। वो समाज को बांटने की नहीं, सबको जोड़ने की नीति में विश्वास करते हैं। बताया कि नीतीश कुमार ने पहले लोजपा पार्टी को तोड़ने का काम किया।

उसके बाद मुख्यमंत्री ने उनका घर तोड़ा। ताकि चिराग पासवान टूट जाए और डर जाए। लेकिन तोड़ने वाले एक नंबर से तीन नंबर की पार्टी बन गए। वहीं, लोजपा संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष हुलास पांडेय ने कहा कि बिहार की जनता चिराग पासवान को उम्मीद की नजर से देख रही है। एक दिन आएगा, जब बिहार फर्स्ट बिहारी फर्स्ट के नारे के साथ लोजपा रामविलास प्रदेश में परिवर्तन लाएगी।

# समय पर पहचान के साथ इलाज से कुष्ठ रोग पर पाया जा सकता है नियंत्रण

- लापरवाही बरतने पर कुष्ठ रोग पीड़ित हो सकते हैं विकलांग
- जिले में 297 लोग कुष्ठ बीमारी से हैं पीड़ित

**केटी न्यूज/सासाराम**



जिले में कुष्ठ बीमारी को दूर करने के लिए लगातार अभियान चलाए जा रहे हैं। जिसके तहत कुष्ठ मरीजों के सर्च अभियान के माध्यम से जानकारी जुटाकर उनका इलाज किया जा रहा है। शुरूआती दौर में ही कुष्ठ की पहचान हो जाए इसके लिए जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र कुष्ठ रोग के लक्षणों वाले लोगों से संपर्क करके कई जानकारियां उपलब्ध करा रही है। जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र से मिली जानकारी के अनुसार रोहतास जिले में 297 कुष्ठ मरीजों का इलाज जारी है। वहीं अक्टूबर महीने में चलाए गए कुष्ठ रोगी खोजी अभियान में 1500 कुष्ठ के लक्षण वाले लोगों की भी जांच के माध्यम से कुष्ठ रोग की पुष्टि की जा रही है। सासाराम सदर अस्पताल स्थित जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र कुष्ठ रोगियों की तलाश कर कुष्ठ के प्रारम्भिक अवस्था से पीड़ित लोगों का इलाज कर रहा है। वहीं इस रोग से विकलांग हो चुके लोगों को रि-कंस्ट्रेक्टिव सर्जरी के लिए डिहरी प्रखंड के रुद्रपुरा स्थित कुष्ठ अस्पताल भेजा जाता है।

### लक्षण दिखने पर सरकारी अस्पताल में करें संपर्क

जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र में कार्यरत चिकित्सक सहायक डॉ. जय प्रकाश राजभर ने बताया कि शरीर में अचानक आ रही बदलाव को नजर अंदाज न करें। शरीर में किसी भी प्रकार दाग दिखने लगे जो सुनापन और ताम्बई रंग का हो तो वह कुष्ठ के लक्षण हो सकते हैं । साथ ही साथ हाथ या पैर में झिनझिनी आना या हाथ पैर सुन्न हो जाना भी कुष्ठ रोग के लक्षण हैं । यदि इस तरह के लक्षण दिखे तो तत्काल सरकारी अस्पताल के कुष्ठ विभाग में संपर्क करें।

### शरीर में आये बदलाव को न करें नजर अंदाज

जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र में कार्यरत फिजियोथैरेपिस्ट जितेंद्र कुमार ने बताया कि यदि किसी भी व्यक्ति को कुष्ठ के लक्षण दिखाई दे तो इसे नजरअंदाज बिल्कुल ना करें, क्योंकि नजर अंदाज करने पर यह बीमारी घातक रूप ले सकती है। इसमें व्यक्ति विकलांग भी हो सकता है। उन्होंने बताया कि हाथ पांव में झिनझिनी या सूनापन आने पर तुरंत डॉक्टर की सलाह लें नहीं तो हाथ और पैर की उंगलियों में टेढ़ापन आना शुरू हो जाता जिसे ठीक नहीं किया जा सकता है। यदि यह रोग पुराना होता गया तो इसमें हाथ या पैर की उंगलियां गलने लगती हैं।

### कुष्ठ एक लाइलाज बीमारी

अपर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी सह जिला कुष्ठ उन्मूलन केंद्र के प्रभारी डॉ अशोक कुमार सिंह ने बताया कि कुष्ठ एक लाइलाज बीमारी है। एक बार हो जाने पर इसे ठीक नहीं किया जा सकता है। परंतु समय पर इसकी पहचान के साथ इलाज शुरू होने पर इस बीमारी को आगे बढ़ने से रोका जा सकता है। एसीएमओ ने बताया कि जिले में लगातार खोजी अभियान के माध्यम से ऐसे लोगों की पहचान करके उनका इलाज किया जा रहा ताकि कुष्ठ उन्मूलन अभियान को सफल बनाया जा सके।

## छोटी खबरें

### चित्रगुप्त सेवा संघ का 121वां वार्षिक मिलन समारोह हुआ संपन्न



**जहानाबाद।** श्री चित्रगुप्त सेवा संघ जहानाबाद के द्वारा 121वां वार्षिक मिलन समारोह एवं सहभोज का आयोजन स्थानीय संगम घाट स्थित ठाकुरबाड़ी श्री चित्रगुप्त मंदिर परिसर में पूरे धूमधाम से संपन्न किया गया। मिलन समारोह में आयोजित सम्मान समारोह में श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के कई सदस्यगण को अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया गया। साथ ही, वार्षिक पूजन दिवस में संघ में सहयोग देने के लिए युवा संभाग एवं कार्यकारिणी सदस्यगण को मेडल एवं अंगवस्त्र देकर पुरस्कृत किया गया। मिलन समारोह में कायस्थ यूथ पेंटिंग प्रतियोगिता कार्यक्रम में भाग लेने वाले प्रतियोगी को मेडल, एवं प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में सदर सीओ संजय अम्बष्ठ, मखदुमपुर थानाध्यक्ष रविभूषण सिन्हा, श्री चित्रगुप्त सेवा संघ के अध्यक्ष शशिकांत, उपाध्यक्ष संतोष श्रीवास्तव, महासचिव रमेश कुमार सिन्हा, कोषाध्यक्ष रमेश प्रसाद, संयुक्त सचिव पवन कुमार अधिवक्ता, अंकेक्षक संजीव कुमार सिन्हा, सचिव अंजनी सिन्हा, रामावतार प्रसाद, राम लखन प्रसाद, महिला सभापति अर्चना वच्चन के द्वारा अंगवस्त्र एवं चित्रगुप्त भगवान का स्मृति चिन्ह देकर उनका स्वागत सम्मान किया गया। मिलन समारोह में उपस्थित वक्ताओं के द्वारा कायस्थ समाज को राजनैतिक, सामाजिक एवं शैक्षणिक विकास के लिए एक दूसरे को स्वीकार एवं साथ देने का संकल्प लिया गया। वहीं, चित्रगुप्त सेवा संघ में युवाओं ने भी अपनी भूमिका भरपुर निभाई जिसमें राकेश रौशन,किशन रंजन, रीतेश सिन्हा, सोनू कुमार, देवांशु सिन्हा, ऋषि राज सिन्हा, प्रकाश सिन्हा, अनूप, मनीष, विनीत किशोर, रविकांत, आशुतोष, पंकज, सहित कई युवाओं ने समारोह में अपना जलवा बिखेरा।

### दुर्गावती जलाशय के लिए वन विभाग ने उपलब्ध कराए तीन बोट

**सासाराम।** जिले में स्थित दुर्गावती जलाशय में अब लोग बोटिंग का आनंद भी ले सकेंगे। वन विभाग की ओर से बोटिंग की शुरूआत कर दी गई। अब सैलानी नौका विहार एवं फॉरेस्ट सफारी का आनंद एक साथ ले सकेंगे। इससे पर्यटकों की भी संख्या बढ़ने की उम्मीद की जा रही है। रोहतास डीएफओ मनीष कुमार वर्मा ने बताया कि दुर्गावती जलाशय के कैमूर वन क्षेत्र से बोटिंग की शुरूआत हो गई है, प्रति व्यक्ति 50 रुपये के हिसाब से वोटिंग की जा सकेगी। अभी विभाग द्वारा तीन वोट उपलब्ध कराये गए हैं। अभी पर्यटक फिलहाल एक 6 सिटर, दूसरा 12 सिटर और तीसरा 25 सिटर बोट पर बोटिंग कर सकते हैं। प्रत्येक टीकट पर समय सीमा भी निर्धारित की गई है। एक टिकट पर 15 से 20 मिनट के बीच में जल विहार कराया जाएगा। जहां वोट पर बैठ कर सैलानी दुर्गावती जलाशय के मनोरम दृश्यों को देख सकेंगे। दुर्गावती जलाशय पहाड़ी क्षेत्र में स्थित होने के कारण यहां हरे-भरे जंगलों में पर्वत श्रेणियों की तलहटी में प्रकृति की सुंदरता है, जो बरबस ही हर किसी को अपनी ओर आकर्षित करते हैं। अधिकांश लोग वहां पिकनिक मनाने पहुंचते हैं तथा पर्यटन के लिए भी आते हैं।

### गोलीबारी के आरोपी बाप व दो बेटे गिरफ्तार, दो देसी पिस्तौल-कारतूस बरामद

**सासाराम।** जिले के मुफ्फसिल थाना अंतर्गत शिवपुर चितौली गांव में बीते 18 सितंबर को आपसी विवाद में हुई गोलीबारी मामले में पुलिस ने आरोपितों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी आशीष भारती ने रविवार को प्रेसवार्ता कर मामले की जानकारी दी। जिसमें उन्होंने बताया कि 18 सितंबर को आपसी विवाद में हुई गोलीबारी में एक युवक गोली लगने से घायल हो गया था। जिसके बाद आरोपी बाप और दोनों बेटे फरार हो गए। मामले में पीड़ित के बयान पर 19 सितंबर को प्राथमिकी दर्ज की गई थी। मामले की संवेदनशीलता को देखते हुए सासाराम मुफ्फसिल थानाध्यक्ष के नेतृत्व में एक विशेष टीम का गठन किया गया था। टीम द्वारा मामले में गिरफ्तारी के लिए छापेमारी की जा रही थी। इस बीच गुप्त सूचना के आधार पर बीती रात शिवपुर चितौली गांव में छापेमारी की गई। जिसमें विनोद यादव और उसके दो बेटों विकास कुमार एवं मंजीत कुमार को गिरफ्तार किया। साथ ही, वारदात में इस्तेमाल किए गए छत में छुपाए गए दो देसी पिस्तौल एवं 6 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया। तीनों ने मामले में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। जिसके बाद तीनों पर अग्रतर कार्रवाई कर जेल भेजा गया।

### सामाजिक संस्था ने लावारिस बच्चों का इलाज करा चाइल्ड लाइन को सौंपा

**सासाराम।** जिले के डेहरी-ऑन-सोन रेलवे स्टेशन के समीप स्थित टैक्सी स्टैंड पर पिछले दो दिनों से दो बच्चे भटक रहे थे। बच्चों को लावारिस भटकता लोगों ने इसकी सूचना सामाजिक संस्था अभिनव कला संगम को दी। जिसके बाद संस्था के सदस्य स्टेशन पहुंचे और दोनों बच्चों से उनका हालचाल लिया। बच्चों ने अपने पिता का नाम हामिद बताया और कहा कि वो जेल में है। आसपास के लोगों से पूछताछ करने पर मालूम हुआ कि दो दिन पहले एक महिला इन बच्चों को यहां छोड़ के चली गई थी, जो संभवत इनकी मां थी। वहीं, संस्था के सदस्यों ने देखा कि दोनों बच्चे काफी बीमार हैं। बच्चों की स्थिति देखते हुए संस्था के सदस्यों ने पहले उनको इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाएं। जहां प्राथमिक इलाज के बाद उन्हें सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। इस बीच मामले की सूचना चाइल्ड लाइन की टीम को भी मिल गई। जिसके बाद चाइल्ड लाइन सविता डे ने पूरे मामले की जानकारी ली। उन्होंने बताया कि घटना के बाद से दोनों बच्चे काफी सदमे में हैं और काफी डरे हुए हैं। जिसके कारण वो अपने और अपनी मां के संबंध में नहीं बता पा रहे हैं। हालांकि, उनके स्वस्थ होने के बाद उनसे जानकारी ली जाएगी। फिलहाल इलाज के बाद उन्हें रिमांड होम ले जाया जाएगा।

## फटाफट खबरें

### बाल दिवस की पूर्व संध्या पर किया गया पौधरोपण

**नावानगर।** बाल दिवस के पूर्व संध्या पर सोनवर्षा के युवाओं ने पौधरोपण किया साथ ही सभी से बाल दिवस पर एक पौधा लगाकर पर्यावरण बचाव करने का संदेश दिया। युवाओं ने दस पौधे लगाकर उनकी संरक्षण की शपथ ली। कार्यक्रम का नेतृत्व भाजयुमो मंडल अध्यक्ष मनीष ओझा ने किया। कहा कि बच्चों से सभी अभिभावकों को प्रेम होता। इस प्रेम के तहत बच्चों को स्वच्छ वातावरण में रहन सहन होने की उद्देश्य से कम से कम एक पौधारोपण कर वातावरण को दूषित होने से बचाव करना जरुरी है। मौके पर चंदन शर्मा, चिंटू शर्मा समेत अन्य थे।

### चिकित्सा शिविर का करेंगे उद्घाटन संत जगदीश मुनि

**डुमरांव।** स्थानीय जगदीश पैलेश में आयोजित सात दिवसीय मुफ्त प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का उद्घाटन पंजाब के प्रसिद्ध संत जगदीश मुनि आचार्य के द्वारा किया जायेगा। शिविर में आगामी 15 से 22 नवंबर तक न्यूरो हीलिंग विधि से प्राकृतिक चिकित्सा द्वारा असाध्य रोगों का इलाज किया जायेगा। जानकारी देते हुए जगदीश मेमोरियल ट्रस्ट के ट्रस्टी प्रदीप जायसवाल ने बताया कि स्वर्गीय जगदीश प्रसाद की स्मृति में संत जगदीश मुनि एवं उनकी टीम द्वारा रोगियों का नि:शुल्क उपचार किया जायेगा। शिविर प्रतिदिन सुबह 8 से दोपहर 12 बजे व 2 बजे से शाम 6 बजे तक सेवा प्रदान की जायेगी। तैयारी पूरी कर ली गयी है।

### शराब के साथ वाहन व नगद बरामद

**डुमरांव।** स्थानीय पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस की टीम ने 410 पीस अंग्रेजी शराब के साथ मैजिक वाहन और 31 हजार 200 नगद रुपये बरामद करने में कामयाबी पायी है। इस मामले में पुलिस ने मैजिक वाहन के चालक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। चालक की पहचान सिमरी के दवनपुरा गांव निवासी बजरंगी कमकर के रूप में हुई है। पुलिस इस धंधे में शामिल तस्कर की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी कर रही है। एएलटीएफ प्रभारी अभय सिंह को सूचना मिली कि एकौनी गांव में मैजिक वाहन द्वारा शराब की एक बड़ी खेप यूपी से मंगायी गयी है।




पंचकोशी परिक्रमा की शुरूआत करते साधु-संत



अहिरौली मठिया पर जुटी महिलाओं की भीड़



लोगों से वार्ता करते गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महाराज

# पंचकोशी यात्रा शुरू : पहले दिन अहिरौली में पड़ा पड़ाव, परंपरागत तरीके से श्रद्धालुओं ने खाया प्रसाद

- गंगा पुत्र महाराज ने बताया महत्व, कहा- त्रेता युग से चली आ रही है परंपरा
- सोमवार को सदर प्रखंड के नदांव स्थित नारद सरोवर पर यात्रा का होगा ठहराव

**केटी न्यूज/बक्सर**

बक्सर में त्रेता युग से चली आ रही पंचकोशी परिक्रमा की शुरूआत हो चुकी है। पहले दिन पंचकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालुओं का जत्था रामरेखा घाट पहुंच मां विधि विधान से मां गंगा की पूजा अर्चना कर वहा से पवित्र गंगाजल पंचकोशी परिक्रमा पर आगे बढ़ा। पहले दिन का पड़ाव अहिरौली रहा। जहां माता अहिल्या को नमन कर परंपरागत तरीके से पुआ तथा अन्य पकवान बना प्रसाद ग्रहण किया गया। हालांकि इस दौरान श्रद्धालुओं को कुव्यवस्थाओं का भी सामना करना पड़ा। अहिल्या धाम ट्रस्ट के उपाध्यक्ष मधुसूदन चौबे ने बताया कि नाली टूटने से मंदिर के मार्ग में कीचड़ हो गया है। वहीं, पंचकोशी परिक्रमा शुरू होने से पहले प्रशासन द्वारा इसकी तैयारियों की पोल भी पहले ही दिन खुल गई है। पांच दिनों में पांच गांवों तक पड़ने वाले पड़ाव में अलग अलग व्यंजनों का प्रसाद ग्रहण करने की परंपरा है। गंगा पूजन कर इस यात्रा की शुरूआत करने वालों में समिति अध्यक्ष अच्युत प्रपन्नाचार्य जी महाराज के साथ ही भोला बाबा, कुलशेखर जी महाराज, अनुराग दास जी महाराज, सुबेदार पांडेय, विश्व हिन्दू परिषद के संत प्रमुख कन्हैया पाठक, चंद्रभूषण उपाध्याय समेत कई अन्य संत महात्मा व श्रद्धालु शामिल थे। **पांचवें दिन पूरे जिले में बनता है एक ही भोजन :** इस यात्रा के साथ यह भी दिलचस्प है कि पांचवें व अंतिम दिन न सिर्फ पंकोशी यात्रा में शामिल श्रद्धालु बल्कि पूरे बक्सर जिलावासी एक ही भोजन करते है। इस दिन सभी घरों में लिट्टी चोखा बनाया जाता है। जो इस पंचकोशी यात्रा के प्रति आकर्षण व श्रद्धा का द्योतक भी है। वैसे तो गुरूवार को सत्तू नहीं खाया जाता है। लेकिन पंचकोशी का अंतिम पड़ा व लिट्टी चोखा वाला प्रसाद इस बार गुरूवार को ही मनाया जाएगा। जिस कारण सभी घरों में गुरूवार के बावजूद लिट्टी चोखा बनेगा।



अहिल्याधाम स्थित मठिया पर प्रसाद बनाती महिलाएं

### पांचों दिन अलग अगल गांवों में पड़ता है पड़ाव

पंचकोशी यात्रा कुल पांच दिनों का होता है तथा पांचों दिन अलग अलग गांवों में इसका पड़ाव पड़ता है तथा अलग-अलग प्रसाद भी ग्रहण किया जाता है। पंचकोशी परिक्रमा समिति के संयुक्त सचिव सूबेदार पांडेय ने बताया कि सोमवार को यह यात्रा श्रीनारद जी की तपोस्थली नदांव पहुंचेगी। जहां सत्तू और मूली खाने की परंपरा है। जबकि अगले दिन भार्गव आश्रम भभुअर में दही चूड़ा, बुधवार को छोटका नुआंव स्थित महर्षि उद्यालक आश्रम में खिचड़ी-चोखा तथा पांचवें और अंतिम दिन गुरुवार को चरित्रवन पहुंच यह यात्रा संपन्न होगी।

### श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बना पंचकोशी परिक्रमा यात्रा

पंचकोशी परिक्रमा यात्रा श्रद्धालुओं के आकर्षण का केन्द्र बन गया है। पहले दिन से ही हजारों श्रद्धालु इस परिक्रमा से जुड़ गए है। इस बार बक्सर में चल रहे सनातन संस्कृति समागम के कारण भी इस यात्रा का महत्व बढ़ गया है। सनातन संस्कृति में भगवान राम की कर्मभूमि व शिक्षा स्थली का दर्शन करने आए देश के कोने कोने से साधु संतो को इस बात पर आश्चर्य दिखा की त्रेता में प्रभु श्रीराम द्वारा शुरू की गई पंचकोशी की परंपरा आज दो युगों के बाद भी जीवंत बनी हुई है। परिक्रमा शुरू होने के बाद साधु संत भी इस संबंध में जानकारी ले रहे थे। कई तो इस यात्रा में कुछ देर के लिए शामिल भी हुए। वहीं, जिले के कोने कोने के साथ ही पड़ोसी जिलों तथा यूपी के बलिया व गाजीपुर जैसे जिलों से भी श्रद्धालु इस परिक्रमा में शामिल हो रहे है। पंचकोशी यात्रा को ले श्रद्धालुओं में जबर्दस्त उत्साह है। खासकर भगवान श्रीराम के कर्मभूमि व जन्मभूमि पर आयोजित सनातन संस्कृति समागम के चलते भी इस बार पंचकोशी यात्रा का महत्व बढ़ गया है। जिस कारण परिक्रमा में शामिल होने वाले श्रद्धालुओं की संख्या भी बढ़ गई है।

### कई साधु संत शिष्यों के साथ हुए शामिल

जिले के कई साधु संत भी इस बार पंचकोशी यात्रा में अपने शिष्यों के साथ शामिल हुए है। पूज्य श्री गंगा पुत्र त्रिदंडी स्वामी जी महारजा भी इस यात्रा में अपने दर्जनों शिष्यों व श्रद्धालुओं के साथ शामिल हुए है। उन्होंने कहा कि इस पंचकोशी यात्रा का पौराणिक महत्व है तथा इस यात्रा में शामिल होना और इसका प्रसाद ग्रहण करना सौभाग्य की बात होती है। उन्होंने कहा कि भगवान श्रीराम की कृपा से ही इसमें कोई शामिल होता है।

### ताड़का वध के बाद भगवान श्रीराम ने किया था पंचकोशी परिक्रमा

मान्यता है कि त्रेता युग में जब भगवान श्रीराम व लक्ष्मण महर्षि विश्वामित्र के यज्ञ की रक्षा करने आए थे तब ताड़का के वध के बाद महर्षि विश्वामित्र के आश्रम से पांच कोश में फैले अलग-अलग ऋषि महर्षियों के आश्रम में पहुंच उनके दर्शन किए थे। इस दौरान उन्हें अलग-अलग ऋषियों के आश्रम में जो चीजें खिलाई थी वही चीजें आज भी प्रसाद स्वरूप खाया जाता है।

## समागम में स्वच्छता अभियान चला लोगों को प्रेरित कर रहे हैं सौरभ

- छात्र शक्ति के बैनर तले दर्जनों छात्र दिन रात कर रहे है समागम स्थल की सफाई

**केटी न्यूज/बक्सर**

श्रीराम कर्म भूमि न्यास सिद्धाश्रम बक्सर के तत्वावधान में आयोजित किए गए सनातन संस्कृति समागम में एक तरफ देश भर के साधु संत, राजनेता व कलाकार पहुंच रहे तो दूसरी तरफ हर दिन हजारों श्रद्धालु भी इस महायज्ञ के साक्षी बन रहे है। लेकिन इनके बीच बक्सर के युवा नेता सौरभ तिवारी व उनके टीम छात्र शक्ति की भूमिका की चर्चा भी हर तरफ हो रही है। सौरभ के नेतृत्व में उनकी टीम पूरे परिसर की सफाई कर रही है। दिन रात उनकी टीम महायज्ञ स्थल से कूड़ा कचरा का उठाव कर उसे डस्टबीन में रख वहा से दूर हटवा रही है। बता दें कि बड़ी संख्या में आने वाले श्रद्धालुओं द्वारा प्रसाद ग्रहण करने के बाद ठोंगा, प्लास्टिक या अखबार के रद्दी फेंकी जा रही है। वहीं, मेला के कारण भी कूड़ा कचरा जमा हो रहा है। जिसकी सफाई सौरभ तिवारी के नेतृत्व में बखूबी किया जा रहा है। जिसकी सराहना समागम में आए साधु संतों तथा केन्द्रीय मंत्री अश्विनी कुमार चौबे के द्वारा भी किया जा रहा है। सौरभ ने बताया कि यह उनके जिले के लिए सौभाग्य की बात है कि यहा सनातन संस्कृति के देशभर के विख्यात संत व हजारों श्रद्धालु आ रहे है। इस महायज्ञ में सेवा का मौका मिलना उनके तथा उनकी पूरी टीम के लिए सौभाग्य की बात है। सौरभ द्वारा अब महायज्ञ स्थल की सफाई किए जाने से साधु संतो तथा आयोजकों द्वारा वाहवाही मिल रही है। सौरभ ने बताया कि वे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के स्वच्छता अभियान से प्रेरित है तथा खुद से सफाई करने के साथ ही लोगों को भी इसके लिए प्रेरित करते है।



समागम स्थल से कूड़े का उठाव करते सौरभ

## डेंगू जैसे लक्षण के बाद डुमरांव के युवक की मौत, पसरा मातम

**केटी न्यूज/डुमरांव**

डुमरांव के छठिया पोखरा निवासी भरत गुप्ता उम्र 42 वर्ष की मौत डेंगू जैसे लक्षण के बाद हो गई है। उसे तीन दिनों से डेंगू के लक्षण थे। दो दिन पहले डुमरांव के ही एक निजी अस्पताल में इलाज कराने गया था। जहां उसमें डेंगू के लक्षण देख डॉक्टर ने उसे अनुमंडलीय अस्पताल रेफर कर दिया था। वहां भी उसकी हालत बिगड़ने लगी, तो उसे पटना रेफर कर दिया गया था। उसके भाई राजकुमार गुप्ता ने बताया कि डेंगू की पुष्टि होने तथा रेफर होने के बाद पटना पीएमसीएच में उसे भर्ती कराया गया। लेकिन वहा भी समुचित इलाज नहीं मिल रहा था तथा उसकी हालत लगातार बिगड़ रही थी। जिसे देखते हुए घरवाले शनिवार को उसे पटना से लेकर यूपी के मउ जा रहे थे। लेकिन प्लैटलेट्स के तेजी से घटने के कारण रास्ते में ही उसकी मौत हो गई। राजकुमार ने बताया कि निजी अस्पताल में उसका प्लेटलेट्स काउंटिंग 53 हजार था। जबकि पटना में हुए जांच का रिपोर्ट भी नहीं मिल पाया है। गौरतलब है कि डुमरांव में चारों तरफ गंदे जल का जमाव है। नगर परिषद प्रशासन सफाई व डेंगू से लड़ने के लिए दवा छिड़काव का दावा करता है। लेकिन इसका जमीनी हकीकत कुछ और ही है।



## छोटी खबरें

### ओलंपियाड में बच्चों की हिस्सेदारी बढ़ाने के लिए कार्यशाला में दी गई जानकारी



**बक्सर।** शिक्षा विभाग द्वारा बिहार मैथमेटिकल सोसाइटी के सहयोग से बक्सर हाई स्कूल बक्सर में दो दिवसीय उन्मुखीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया। दूसरे दिन कार्यशाला में कक्षा नौवीं से बारहवीं तक के छात्र छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। कार्यक्रम की शुरूआत दीप प्रज्वलित कर सर्वधर्म प्रार्थना के साथ की गई। कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी अनिल कुमार द्विवेदी, विशिष्ट अतिथि जिला कार्यक्रम पदाधिकारी समग्र शिक्षा अभियान बक्सर चंदन कुमार द्विवेदी एवं बक्सर हाई स्कूल बक्सर के प्राचार्य डॉक्टर विजय कुमार मिश्रा मौजूद थे। कार्यशाला का मुख्य विषय था पार्टिसिपेशन ऑफ मैथ एंड साइंस ओलंपियाड। इस दौरान वक्ताओं ने ओलंपियाड के बारे में विस्तार से चर्चा की। साथ ही बच्चों को ओलंपियाड में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित भी किया।

### अहिरौली में अव्यवस्था की शिकायत पर मुख्यालय डीएसपी ने घंटों संभाली कमान

**बक्सर।** कोरोना संक्रमण की खतरा टलने के बाद पंचकोशी परिक्रमा में श्रद्धालुओं की संख्या अचानक बढ़ गई है। जहां एक लाख से भी ज्यादा की संख्या में महिला एवं पुरूष श्रद्धालु माता के दर्शन को लेकर पहुंच गये। मंदिर परिसर के छोटे होने के कारण वहां अव्यवस्था कायम हो गई। जिसकी सूचना मिलने के बाद मुख्यालय डीएसपी इस्फाक अंसारी मौके पर अतिरिक्त पुलिस जवानों के साथ पहुंचे और कमान संभाली। इसके साथ ही नगर थानाध्यक्ष दिनेश मालाकार, महिला थानाध्यक्ष कंचन कुमारी एवं ट्रैफिक प्रभारी मनोज कुमार भी पहुंच गये। जिसके बाद डीएसपी के नेतृत्व में व्यवस्था को सुव्यवस्थित किया। डीएसपी के साथ ही अन्य सभी पुलिस अधिकारी डीएसपी के साथ घंटों मशक्त के बाद जाम व अव्यवस्था को व्यवस्थित कराया। जिसके काफी समय बाद स्थित सामान्य हो सकी।

## बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ गोप गुट का जिला सम्मेलन संपन्न




**केटी न्यूज/डुमरांव**

बिहार राज्य अराजपत्रित कर्मचारी महासंघ (गोप गुट) बक्सर का 9वां जिला सम्मेलन रविवार को नगर भवन में संपन्न हुआ। जिसका उद्घाटन डुमरांव विधायक डॉ. अजित कुमार सिंह, महासंघ के राज्य अध्यक्ष जियालाल प्रसाद, राज्य सचिव उमेश कुमार सुमन आदि ने संयुक्त रूप से किया। सम्मेलन के खुला सत्र का उद्घाटन महासंघ के राज्याध्यक्ष जियालाल प्रसाद ने किया। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार श्रमिकों शोषण कर रही है। देश के सार्वजनिक उपक्रमों तथा कंपनियों को निजी हाथों में बेंचा जा रहा है। कार्यालयों के स्थाई पदों को समाप्त किया जा रहा है। आउटसोर्सिंग, संविदा, मानदेय, प्रोत्साहन राशि पर बहाली की जा रही है। बेरोजगारी अपने चरम पर हैं, लोगों को रोजगार नहीं मिल रहा है। महंगाई से आम आदमी का जीना मुहाल हो गया है। असंगठित क्षेत्र के मजदूरों की मुश्किलें हर दिन बढ़ते जा रही है। बड़े पैमाने पर स्किल वर्करों को न्यूनतम मजदूरी से काफी कम भुगतान किया जा रहा है। संविधान और लोकतंत्र की रक्षा के लिए इस सरकार को उखाड़ फेंकने की जवाबदेही हम लोगों को उठानी होगी। जबकि विधायक डॉ. अजीत कुमार सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि शिक्षक, कर्मचारी सहित गरीब मजदूर किसानों के सभी समस्याओं को सदन में पूरजोर ढंग से रखने पर बल दे रहा हूं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के द्वारा मजदूरों का शोषण किया जा रहा है।

## संत राष्ट्र पर नजर नहीं रखेगा तो कौन रखेगा : स्वामी अनंताचार्य जी महाराज

**केटी न्यूज/बक्सर**

संत समागम के दौरान अपने कथा में जगतगुरू रामानुजाचार्य स्वामी श्री अनंताचार्य जी महाराज ने कहा कि ब्रह्म जी के पास दो सभा है पहला सरस्वती सभा जिसमे ऋषि मुनी होते है दूसरा समिति सभा जिसमें देवता लोग होते है। समिति सभा में जो देवता विषय लाते है उस पर सरस्वती सभा विचार करती है तब वो विषय पारित होता है इसी नीति पर हमारे देश में भी दो सभा है राज्यसभा और लोकसभा बनाया गया है देश सुरक्षित रहेगा तबही धर्म सुरक्षित रहेगा देश धर्म से चलता है धर्म से अलग हो कर ना राष्ट्र चल सकता ना ही लोग चल सकते है। उन्होंने कहा कि संत राष्ट्र पर नजर नहीं रखेगा तो कौन रखेगा। महर्षि विश्वामित्र मुनी ने ही राष्ट्र की रक्षा के लिए यज्ञ किया और प्रभु राम और लक्ष्मण को राजा दशरथ से मांग कर बक्सर लाए थे। एक बार देव लोक में देवताओं की सभा लगी थी। जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में राजा दक्ष को बुलाया गया था। राजा दक्ष के सभा में आते ही सभी देवता अपने स्थान पर खड़े हो जाते है मगर भगवान शिव का ध्यान कही और था वो नहीं खड़े हुए। इस पर दक्ष ने उन्हें श्राप दिया कि शिव का प्रसाद कोई नहीं खायेगा। इस पर मौजूद नंदी भगवान को क्रोध आ जाता है। वो राजा दक्ष को श्राप देते है कि जाओ तुम्हारा सीस बकरा का हो जायेगा।

## पशु प्रेम की अनूठी मिसाल पेश कर रहे हैं व्यवसायी विनोद राय

- एनएच 84 पर विनोद राय की गाड़ी देख भोजन के लिए जुटते हैं सैकड़ों बंदर
- महीने में पांच से छह बार सड़क मार्ग से जाते हैं पटना, बंदरों का भरते हैं पेट

**केटी न्यूज/डुमरांव**

प्रत्येक रविवार गरहथा टावर के समीप एनएच 84 पर से गुजरते दौरान एक नजारा देखने को मिलता है। जहां सड़क के किनारे एक गाड़ी खड़ी रहती है और एक शख्स को चारों ओर से बंदरों की टोली घेरे खड़ी रहती है। बंदरों को वह शख्स बैग से कुछ निकाल कर देते हैं। जिसे लेकर बंदर शांति से वापस अपने स्थल पर लौट जाते हैं। इस बात की सूचना पर जब केशव टाइम्स की टीम ने पड़ताल की, तो पता चला कि वो शख्स डुमरांव के चर्चित व्यवसायी विनोद राय हैं। जो उन बंदरों को प्रत्येक रविवार फल देते हैं। बताया जाता है कि गरहथा टावर के पास वर्षों से सैकड़ों की संख्या में बंदर रहते हैं। जो राहगिरो का बैग लेकर भी भाग जाते हैं। यहां तक कई बार भोजन की तलाश में वाहनों के ऊपर रखे बैग को फाड़ देते हैं। परन्तु यहां बंदर ऐसा कुछ भी नहीं कर रहे थे। यहां तो सभी बंदर कतारबद्ध एक-एक करके फल ले रहे थे। वापस पेड़ों पर चले जाते थे। यह नजारा वाकई देखने लायक था।



बंदरों को फल देते व्यवसायी

**पिछले पांच से हो गया है लगाव, गाड़ी देखते ही आते है सामने :** व्यवसायी विनोद राय ने बताया कि इनसे उनका लगाव पिछले पांच सालों से है। जब वो पटना से लौट रहे, उस वक्त कुछ बंदरों की टोली गाड़ी के ऊपर चढ़ गई और उतरने का नाम नहीं ले रही थी। उसी समय उनकी गाड़ी में कुछ फल व भोजन की समाग्री थी। उन्होंने सभी सामग्री निकाल कर सड़क पर रख दिया। उस घटना के ठीक एक सप्ताह बाद वो वापस आरा जा रहे थे, तो गाड़ी गुजरते ही सड़कों पर उनका झूंड पीछे से दौड़ने लगा। उस दिन मुझे बहुत अफसोस हुआ। उसके बाद जब भी वो उस रास्ते से गुजरते है, तो इनके लिए 35-40 किलो फल गाड़ी रख लेते हैं। उन्होंने बताया कि कई बार उन्हें यह आश्चर्य होता है कि बंदरों ने कभी भी झपटने की कोशिश नहीं की। वो एक-एक कर फल लेते हैं और चले जाते हैं।

**मन को मिलती हैं शांति**

व्यवसायी विनोद राय ने बताया कि उसके बाद जब भी वो इस मार्ग से गुजरते हैं या तनाव में रहते हैं, तो फल लेकर इनके बीच पहुंच जाते हैं। जहां बंदरों का कौतुहल देख उनके मन को शांति मिलती है। सड़क के किनारे मौजूद किसान योगिया के अमीत मिश्रा, कृतसागर संजय कुमार, गरहथा के सुरेश सिंह कहते है कि कई बार हमलोगों ने इस इंसान को देखा है कि यहां बंदरों के बीच में फल बांटते हुए। बंदर भी इनकी गाड़ी देख शोर मचाकर अपनी टोली को इक्कठा करने लगते हैं। फिर एक-एक कर फल लेकर वापस चले जाते हैं।

## फटाफट खबरें

### छात्रवृति परीक्षा में नहीं पहुंचे 380 छात्र

**गाजीपुर।** राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा रविवार को जनपद के छह केंद्रों पर सकुशल संपन्न हो गई है। इस परीक्षा में कुल 3945 छात्र-छात्राएं पंजीकृत थे। जिसमें 3565 उपस्थित व 380 छात्र-छात्राएं अनुपस्थित रहे। सभी केंद्रों पर परीक्षा को नकल विहीन कराने को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए थे। परीक्षा सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में कराई गई। सिटी इंटर कॉलेज के प्राचार्य व परीक्षा के नोडल अधिकारी नवीन कुमार पाठक बताया कि परीक्षा सकुशल संपन्न हो गई। केंद्र पर प्रवेश से पूर्व सभी छात्रों की सघन तलाशी ली गई। जिसके बाद ही प्रवेश दिया गया।

### संदिग्ध परिस्थिति में वृद्ध की मौत

**बलिया।** शनिवार की देर शाम संदिग्ध परिस्थितियों में एक अधेड़ की मौत हो गई। घटना पकड़ी थाना क्षेत्र के चक बहाउद्दीन गांव की है। जहां के स्थानीय निवासी प्रेमचंद चौहान (60) अपने पुत्र मनजी चौहान के साथ बहेरी गांव मे लगने वाली साप्ताहिक बाजार में गए थे। शाम को लौटते वक्त गांव का ही एक व्यक्ति मिल गया। प्रेमचंद उसकी बाइक पर बैठ गए जबकि उनका पुत्र मनजी साइकिल से आ रहा था। ग्रामीणों की मानें तो रास्ते मे प्रेमचंद की तबियत बिगड़ने लगी। बाइक सवार व ग्रामीण उन्हें सीएचसी सिकन्दरपुर ले गए। वहां चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया।

### थाना में बैठ एसपी ने सुनी समस्याएं

**मऊ।** जिले के थानों पर समाधान दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें एसपी अविनाश पांडेय ने सराय लखंसी थाना में जनसुनवाई की। शिकायतों की गुणवत्ता पूर्ण तथा त्वरित निस्तारण हेतु संबधित अधिकारियों को निर्देशित किया। शिकायत पत्रों में चिरैयाकोट में कुल 8 प्रार्थना पत्र पड़े दक्षिण टोला में 7,थाना दोहरीघाट में 10,हलधरपुर में 30, कोपागंज में 5, थाना कोतवाली में 6, मधुबन में 6, मोहम्मदाबाद में 17, रानीपुर में 18, सरायलखंसी में 25 तथा रामपुर में दो प्रार्थना पत्र पड़े।

### लोक अदालत में 132 मामलों का निस्तारण

**मऊ।** राष्ट्रीय लोक अदालत में 132 मामलों का निस्तारण किया गया। जिसमें मुख्य न्यायाधीश परिवार कल्याण न्यायालय अशोक कुमार सिंह ने 55 परिवारिक मामलों का निस्तारण किया वहीं अपर प्रधान न्यायाधीश कोर्ट नंबर एक आनन्द प्रकाश सिंह 47 मामलों का निस्तारण किया। अपर प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय कोर्ट नं. दो पंकज मिश्र ने 30 मामले निस्तारित हुए। मौके पर काउंसलर हुमा रिजवी, निर्मल कुमार आदि उपस्थित रहे।

### बेटी को साथ में ले यूवक ट्रेन से कूदा, मौत

**गाजीपुर।** रविवार दोपहर लगभग 12 बजे चलती स्वतंत्रता सेनानी एक्स. ट्रेन से तीन साल की मासूम बच्ची के साथ युवक ने छलांग लगा दी। घटना गाजीपुर जिले के मिजार्मुराद के बहेड़वा हॉल्ट के पास हुई। जिसमें दोनों घायल हो गए। लेकिन बीएचयू ट्रामा सेंटर जाने के दौरान दोनों की मौत हो गई। घटना के पीछे पत्नी से विवाद बताया जा रहा है। बिहार के दरभंगा के भवानीपुर थाना क्षेत्र के घनश्यामपुर निवासी हीरा दिल्ली में मजदूरी करता था। वहां पर पत्नी जलीना बेगम बेटी रोजी व साले के साथ रहता था।

# सफलता : यूपी से बिहार जा भेज जा रही 6540 बोतल अंग्रेजी शराब बरामद, तीन गिरफ्तार

- कई राज्यों में फैला है अंतरराज्यीय शराब तस्करों का जाल
- पुलिस ने जब्त की शराब की खेप के साथ डीसीएम भी
- धंधे में संलिप्त और भी अपराधियों के सुराग के लिए पूछताछ जारी

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नवागत पुलिस कप्तान ओमवीर सिंह के जिले की कमान संभालते ही पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। एसपी ओमवीर सिंह के निर्देश पर नगर कोतवाली पुलिस ने शराब की बड़ी खेप के साथ तीन अंतरराज्यीय शराब तस्करों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। बताया जाता है कि पुलिस ने एक डीसीएम गाड़ी पर लदी 6540 बोतल अंग्रेजी अवैध शराबभी कब्जे में लिया है। पुलिस टीम ने यह सफलत एसपी सिटी एवं क्षेत्राधिकारी नगर की देखरेख में अर्जित की। रविवार की अहले सुबह पुलिस ने


गिरफ्तार तस्करों के साथ पुलिस की टीम व इनसेट में जब्त शराब

उक्त कार्रवाई को अंजाम दिया है। जिसके बाद तीनों शराब तस्करों को हिरासत में लेते हुए डीसीएम व उसपर लदी शराब को जब्त करते हुए थाने लाया गया।

मामले में शहर कोतवाल सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया कि पुलिस कप्तान के निर्देश पर जनपद में अपराध पर प्रभावी रोकथाम के लिए अपराधियों के विरुद्ध अभियान तेज किया गया है। इस क्रम में पूरे जिले में वाहन चेकिंग के साथ ही फरार एवं वांछित अपराधियों की गिरफ्तारी के लिए लगातार दबिश दी जा रही है। इसी क्रम में वो और उनकी टीम रविवार की अहले सुबह इलाके का गश्त लगा रहे थे। इस बीच उन्हें मुखबिर से गुप्त सूचना मिली कि कुछ शराब तस्कर एक डीसीएम से अंग्रेजी शराब लेकर बिहार जा रहे हैं। जिसके बाद उन्होंने कंट्रोल रूम और थाने को सूचना देते हुए जमानिया तिराहे के पास घेराबंदी कर वाहन चेकिंग शुरू कर दी।

इस बीच थोड़ी ही देर में गाजीपुर हमीद सेतु के रास्ते बिहार की ओर जाती एक डीसीएम दिखाई दी। पुलिस ने डीसीएम को रोकने के साथ ही उसकी चेकिंग शुरू की। साथ ही, जवानों ने तत्परता दिखाते हुए उसमें मौजूद लोगों को हिरासत में ले लिया। तीनों को थाने लाकर उनसे पूछताछ की जाने लगी।

**शराब के अवैध धंधे में शामिल है अंतरराज्यीय गिरोह :** कोतवाल सुरेंद्र नाथ सिंह ने बताया पकड़े गए तस्करों में बलिया जिले के चितबाड़ा थाना अंतर्गत बसुदेवा निवासी श्रीनिवास उपाध्याय का बेटा रोहित कुमार उपाध्याय, उसी गांव के शिवकुमार राजभर का बेटा रमेश राजभर तथा गंगा राम का बेटा चंदन राम शामिल हैं। जिनसे घंटों पूछताछ की गई। मामले में उन्होंने बताया कि शराब के इस अवैध धंधे में अंतरराज्यीय गिरोह काम कर रहा है। जिसमें वो भी संलिप्त हैं। पुलिस धंधे में शामिल और भी अपराधियों की पहचान व संलिप्तता की जांच कर रही है। ताकि, इस अंतरराज्यीय गिरोह का पदार्फाश किया जा सके।

**शराब की बोतलों की गिनती में घंटों व्यस्त रहे जवान :** डीसीएम में शराब की कुल 325 पेटियां रखी हुई थी। जिसमें ब्लू हाई मार्का के कुल 6540 बोतल थे। जिनकी गिनती करने में जवानों को घंटों लग गए। बताया जाता है कि पुलिस ने इस कार्रवाई में कुल 2925 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की है। शराब की गिनती के बाद कागजी कार्रवाई करते हुए पुलिस से तस्करों को संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर चालान कर दिया।

# समय पर योजना का काम पूरा नहीं करने वाले ठेकेदार पर दर्ज हुआ एफआईआर

## डीएम ने निर्माणधीन परियोजना की समीक्षा में पायी अनियमितता, दिए सख्त निर्देश

- बैठक में शामिल नहीं होने पर संबंधित पदाधिकारियों पर की कार्रवाई
- जिला उद्यान अधिकारी व जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी का वेतन कटेगा
- श्रम विकास सहकारी लि. गाजीपुर के परियोजना प्रबंधक को किया शो-कॉज

**केट न्यूज/गाजीपुर**

जिलाधिकारी आर्यका अखौरी की अध्यक्षता में 50 लाख रुपये से ऊपर की निर्माणधीन परियोजना की समीक्षा के लिए संबंधित विभागों के अधिकारियों के साथ बैठक की। जिसमें जिलाधिकारी ने आवास विकास, सीएनडीएस जल निगम जौनपुर, लोक निर्माण विभाग, यूपी सिडको, प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन वाराणसी, आजमगढ़, सीएलडीएफ गाजीपुर, उप्र राज्य


बैठक में शामिल डीएम व अन्य

निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी लि. कार्यदायी संस्थाओं द्वारा कराये जा रहे कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। बैठक में जिलाधिकारी ने उप्र राज्य निर्माण एवं श्रम विकास सहकारी लि. गाजीपुर के परियोजना प्रबंधक अनिल कुमार सिंह के बैठक में अनुपस्थित होने पर स्पष्टिकरण तथा जिला उद्यान अधिकारी एवं जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी के अनुपस्थित होने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए एक दिन वेतन काटने का निर्देश दिया।

### सड़कें गड्ढा मुक्त नहीं होने पर गिरेगी गाज

जिलाधिकारी ने नगरीय क्षेत्र की सड़कों को जिसका एक सप्ताह पूर्व निरीक्षण कर गड्ढामुक्त कराने का निर्देश दिया था। उस पर अभी तक कोई भी कार्य प्रारम्भ न होने की स्थिति में नाराजगी व्यक्त करते हुए 20 नवम्बर तक सड़कों को सही कराते हुए गड्ढामुक्त कराने का निर्देश दिया। अन्यथा अगली एफआईआर संबंधित अधिकारी के विरूद्ध की जायेगी। उन्होंने लोक निर्माण के तीनों खण्ड के अधिकारियों को जनपद में गड्ढामुक्ति की प्रतिदिन की रिपोर्ट प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। बैठक में जिलाधिकारी ने निर्माण कार्य मानक के अनुरूप एवं गुणवत्तापुर्ण कार्य कराने का निर्देश दिया। उन्होंने निर्माण कार्य में धनावंटन के बाद भी कम प्रगति वाले कार्यों पर नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्माण एजेंसी के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि कार्यों को गुणवत्ता पूर्ण एवं मानक के अनुसार निर्धारित समय के अन्दर पूरा करने की कार्यवाही की जाये। उन्होने स्पष्ट किया कि निर्माण कार्यो में किसी भी स्तर पर लापरवाही को बहुत ही गंभीरता से लिया जाएगा।

### कई योजनाओं में राशि निकासी के बाद भी काम पूरा नहीं

उत्तर प्रदेश जल निगम द्वारा नरियांव उर्फ उमरगंज में ग्रामीण पाईप पेयजल परियोजना जिसके कार्य पूर्ण होने की तिथि 2018 थी, जिसकी भौतिक प्रगति 62 प्रतिशत होने पर तथा उत्तर प्रदेश पुलिस आवास निगम लि. निर्माण खंड इकाई वाराणसी द्वारा जनपद गाजीपुर के पुलिस लाईन में 150 पुलिस कर्मियों हेतु बैरक जी-8 का निर्माण कार्य पूर्ण करने की तिथि फरवरी 2021 तक होनी थी जिसमें पूरी राशि की निकासी होने पर भी भौतिक प्रगति 44 प्रतिशत है, जिसपर जिलाधिकारी ने सख्त नाराजगी व्यक्त करते हुए संबंधित ठेकेदार के विरूद्ध एफआईआर दर्ज कराते हुए रविवार शायं तक एफआईआर की कॉपी प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि जिन-जिन निर्माण कार्यों की धनराशि उपलब्ध है तथा प्रगति कम है वहां मजदूरों की संख्या बढ़ाते हुए कार्य में प्रगति लाया जाये तथा जिन परियोजनाओं में बजट का अभाव है।

# अपराध और अपराधियों पर सख्ती से लगायी जाएगी रोक : एसपी

- नवागत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने पुलिस अफसरों व थानाध्यक्षों के साथ की मीटिंग

**केटी न्यूज/गाजीपुर**

नवागत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने जिले की कमान संभाली। पदभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने जनपद के पुलिस अफसरों और थानाध्यक्षों की मीटिंग भी ली। मीटिंग में उन्होंने अपराध और अपराधियों पर रोकथाम लगाने के कड़े निर्देश भी दिए। मालूम हो कि रोहन प्रमोद बोत्रे का तबादला होने के बाद ओमवीर सिंह को गाजीपुर पुलिस अधीक्षक पद पर नई तैनाती दी गई है।1992 बैच के पीपीएस अफसर के रूप में वर्दी पहनने वाले ओमवीर सिंह बीते पांच नवंबर को


जानकारी देते एसपी ओमवीर सिंह

आईपीएस प्रोन्नत हुए हैं। गाजीपुर में बतौर पुलिस अधीक्षक उनकी पहली तैनाती की गई है। पीपीएस अफसर के रूप में उन्होंने प्रदेश के कई जिलों में अपनी सेवाएं पूर्व में दी है।

**गैंगस्टरों पर चलती रहेगी कार्रवाई :** नवागत पुलिस अधीक्षक ओमवीर सिंह ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप कानून का राज स्थापित करना हमारी प्राथमिकता में है। गुंडे माफियाओं पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। महिला संबंधी अपराधों की शिकायत पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी। जनपद के चिह्नित अपराधियों, माफियाओं और गुंडों की अवैध संपत्तियों को गैंगेस्टर एक्ट के तहत सीज करने की कार्रवाई निरंतर चलती रहेगी।

# राष्ट्रीय आय एवं योग्यता परीक्षा में 104 परिक्षार्थी अनुपस्थित

**केटी न्यूज/बलिया**

रविवार को राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा का आयोजित किया गया। जिसमें 2160 के सापेक्ष 2056 बच्चे शामिल हुए। परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए में बलिया शहर स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज, राजकीय इंटर कॉलेज, व कुंवर सिंह इंटर कॉलेज, टाउन इंटर कॉलेज को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा पास करने वाले मेधावियों को इंटर तक पढ़ाई के लिए प्रतिमाह 1000 रुपये की छात्रवृत्ति मिलेगी। राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा के लिए आठवीं की पढ़ाई कर रहे 2160 बच्चों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया था। जिले के चार केंद्रों पर रविवार की सुबह दस से एक बजे तक आयोजित परीक्षा में 2056 बच्चे शामिल हुए। इसकी जानकारी देते हुए परीक्षा के जिला नोडल अधिकारी राजकीय उच्चत्तर माध्यमिक विद्यालय बड़सरी के


परीक्षा में शामिल छात्र-छात्राएं

प्रिंसिपल प्रमोद श्रीवास्तव ने बताया कि परीक्षा में 104 छात्र अनुपस्थित रहे। इस छात्रवृत्ति परीक्षा को उत्तीर्ण करने वाले मेधावियों को कक्षा 9 से 12 तक चार वर्ष के लिए 1000 रुपए प्रतिमाह की छात्रवृति प्राप्त होती है।बता दें कि राष्ट्रीय आय एवं योग्यता आधारित छात्रवृत्ति परीक्षा 2022 में जिले के 237 छात्रों ने सफलता प्राप्त किया है। इन चयनित छात्रों को 12वीं तक पढ़ाई के लिए (चार साल तक) 1000 प्रति माह की दर से छात्रवृत्ति दी जाएगी।

# जिला अस्पताल के डायलिसिस यूनिट में बढ़ाए जाएंगे छह बेड



जिला अस्पताल बलिया

- डायलिसिस के लिए मरीजों को नहीं करना पड़ेगा अब लंबा इंतजार
- प्रतिदिन 10 बेडों पर तीन शिफ्टों में किया जाता है मरीजों का डायलिसिस

### निगेटिव मरीजों के लिए पांच और पॉजिटिव के लिए बढ़ाया जाएगा एक बेड

**बलिया।** सीएमएस डॉ. दिवाकर सिंह ने बताया कि अस्पताल में सीरो निगेटिव मरीजों के लिए पांच बेड और पॉजिटिव मरीजों के लिए एक बेड़ बढ़ाया जाएगा। इससे यूनिट में निगेटिव मरीजों के लिए 14 बेड और पॉजिटिव मरीजों के लिए दो बेड की सुविधा उपलब्ध हो जाएगी। किडनी के मरीजों को इससे काफी सुविधा मिलेगी।

**केटी न्यूज/बलिया**

अब डायलिसिस के लिए मरीजों को इलाज कराने के लिए दूसरे जनपदों में जाने की जरूरत नहीं है। डायलिसिस यूनिट में छह और बेड बढ़ाए जाएंगे। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। जल्द ही संबंधित संस्था की ओर से यहां कार्य शुरू कर दिया जाएगा। वर्तमान में 22 मरीज प्रतीक्षा में हैं। बाकी को लौटा दिया जा रहा है। ऐसे में गंभीर रोगियों को दूसरे जनपदों में इलाज के लिए रवाना होना पड़ता है। अब उन्हें दूसरे जिलों की दौड़ नहीं लगानी होगी। डायलिसिस यूनिट में छह और बेड बढ़ाए जाएंगे। इसके लिए सर्वे का कार्य पूरा कर लिया गया है। जल्द ही संबंधित संस्था की ओर से यहां कार्य शुरू कर दिया जाएगा। जिला अस्पताल में मरीजों को डायलिसिस के लिए लंबा इंतजार करना पड़ता है। इससे किडनी के मरीजों पर संकट बना रहता है।

वर्तमान में 20 से 22 मरीज वेटिंग में चल रहे हैं। अस्पताल से रोजाना दो से तीन मरीजों को लौटना पड़ता है। निजी केंद्रों में डायलिसिस के लिए मोटी रकम खर्च करनी पड़ती है। जिला अस्पताल में पीपीपी माडल पर डायलिसिस यूनिट का संचालन किया जाता है। कुल 10 बेडों पर रोजाना तीन शिफ्टों में मरीजों की डायलिसिस की जाती है। बेडों की कमी से मरीजों के लौटने की समस्या को देखते हुए अक्तूबर में जिला अस्पताल के दौरे पर आए प्रदेश के डिप्टी सीएम एवं स्वास्थ्य मंत्री बृजेश पाठक से इस समस्या के बारे में अवगत कराया गया था। पांच बेड बढ़वाने की मांग की थी। सीएमएस डॉ. दिवाकर सिंह ने बताया कि संस्था की ओर से जल्द ही बेडों को बढ़ाने और मशीनों को लगाने का कार्य शुरू कर दिया जाएगा।

## छोटी खबरें

### इश्क में नाकाम युवक ने गंगा नदी में लगाई छलांग



**गाजीपुर।** अपनी प्रेमिका का प्यार पाने में नाकाम एक आशिक ने देर शाम गंगा नदी पर बने पुल से नदी में छलांग लगा दी। इसके बाद आसपास के लोगों ने पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे कस्बा चौकी इंचार्ज पवन यादव ने स्थानीय गोताखोरों से उनकी तलाश शुरू कराई। लेकिन युवक का कहीं अता- पता नहीं चला। चंदौली के सकलडीहा निवासी दीपक सोनकर (22) पुत्र सुरेश सोनकर बाइक से सैदपुर नदी पर बने पुल पर आया था। बताया जा रहा है कि उसने कूदने के पूर्व आत्महत्या करने की बात का वीडियो भी बनाया है। हालांकि इस बात की पुष्टि नहीं हो सकी है। इसके बाद वो नदी में कूद गया। यह देख वहां से गुजर रहे लोगों ने तत्काल पुलिस को घटना की सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी इंचार्ज ने तत्काल गोताखोरों की मदद से तलाश शुरू कराया, लेकिन पानी ज्यादा होने के चलते उसका घंटों तक कुछ पता नहीं चल सका। उधर घटना के बाद परिजनों को घटना की जानकारी हुई, लेकिन घर में कोहराम मच गया। सभी रोते-बिलखते पुल पर पहुंचे। बता दें कि युवक एक लड़की से प्रेम करता था, लेकिन वह किसी और की हो गई। इससे आहत हो तथा संबंध खत्म होने के दुःख में युवक ने आत्महत्या का निर्णय लिया और गंगा नदी के पुल पर पहुंच गया।

### बलिया के युवक की लुधियान में हार्ट अटैक से मौत

**बलिया।** जिले के गंगापुर निवासी युवक की पंजाब के लुधियाना में मौत हुई थी। रविवार की सुबह युवक का शव गांव आते ही परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के दरवाजे पर भारी संख्या में गांव के लोग जुट गए। ग्रामीणों के अनुसार कन्हैया पटेल 35 वर्ष पुत्र स्वर्गीय जवाहिर पटेल 5 माह पहले लुधियाना में रोजी-रोटी की तलाश में गया था। वहां वह एक दवा कंपनी में कार्य कर रहा था। शनिवार की सुबह करीब सात बजे ड्यूटी जाने की तैयारी कर रहा था। इसी बीच उसको दिल का दौरा पड़ा और गिरकर छटपटाने लगा और अचेत हो गया। कन्हैया के रिश्तेदार उसे उठाकर हॉस्पिटल ले गए। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। कन्हैया का शव गंगापुर पैतृक आवास पर पहुंचा तो शव देखते ही उसकी पत्नी बबिता दहाड़ मार कर रोने लगी। मां बालकेशी जो लकवा से ग्रसित हैं और बेसुध पड़ी हुई है। मृतक की एक पुत्री खुशी 14 वर्ष और एक पुत्र अंकुश 6 वर्ष का है। पुत्री को तो जैसे खबर सुनकर बूत बनी बैठी है। मृतक की सात बहनें मुन्नी, चुन्नी, गायत्री, रीता, चिंता, पिंकी, सोना है। जिसमें पांच की शादी हो गई है।



### बलिया में अवैध शराब भट्ठियों पर छापेमारी पुलिस ने नष्ट किया 10 क्विंटल लहन

**बलिया।** रविवार को रेवती पुलिस ने अवैध शराब निर्माण स्थल का भंडाफोड किया। अवैध शराब के विरुद्ध अभियान चलाते हुए भाखर(खरिका) में अवैध शराब का जखीरा नष्ट किया। सीओ बैरिया मोहम्मद उस्मान के नेतृत्व में पुलिस टीम ने भाखर में तैयार किया जा रहे अवैध अर्धनिर्मित कच्ची शराब के जखीरे को बरामद करते हुए नष्ट कर दिया। वहीं, आरोपी घर छोड़कर फरार हो गए। देशी शराब बनाने का जखीरा(लहन) बरामद करते हुए मौके पर ही करीब 10 क्विंटल नष्ट कर दिया। पुलिस टीम ने खेतों में मिट्टी के भीतर छुपाये गये को लहन को भी नष्ट किया। पुलिस की कार्रवाई दो घंटे तक चली। छापेमारी टीम में प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह, एसआई धर्मेंद्र दत्त, हेड कांस्टेबल हरिन्द्र पटेल, कांस्टेबल संदीप सोनकर, रामबाबू, राखी मिश्रा आदि रहे। प्रभारी निरीक्षक हरेंद्र सिंह ने कहा कि क्षेत्र में अवैध रूप से किसी प्रकार के धंधा को पनपने नहीं दिया जायेगा। अवैध शराब व्यवसाइयों के विरुद्ध कड़ी कार्रवाई की जायेगी। कहा कि अवैध शराब के विरुद्ध निरन्तर अभियान चलता रहेगा। इस व्यवसाय में शामिल किसी को भी नहीं बख्शा जायेगा।

### ढाबे पर मामा से मिलने जा रहे किशोर की सड़क दुर्घटना में मौत, चालक फरार

**गाजीपुर।** रविवार की सुबह कार की चपेट में आने से युवक की मौत हो गयी। दुर्घटना नंदगंज थाना क्षेत्र के अतरसुआ हाइवे के समीप हुई। स्थानीय लोगों के द्वारा पुलिस को सूचना दी गई। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। थाना क्षेत्र के अतरसुआ गांव निवासी रमेश कुमार का भांजा रोहित सरोज (18) पुत्र कमलेश सरोज हाईवे पर अपने मामा के ढाबे पर जा रहा था कि वाराणसी से गाजीपुर की तरफ जा रही तेज रफ्तार की कार ने ओवरटेक करने में पीछे से धक्का मार दिया। जिससे रोहित को गम्भीर चोट लगने से उसकी मौत हो गयी। वहीं, चालक कार लेकर फरार हो गया। आसपास के लोग मौके पर पहुंचकर घायल युवक को नंदगंज नवीन प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र लाये, जहां चिकित्सकों ने मृतक घोषित कर दिया। मृतक के मामा रमेश कुमार ने अज्ञात वाहन के खिलाफ थाना में तहरीर दी। माता सीचनी देवी सहित परिजनों को जानकारी होने के बाद रो-रोकर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष महेंद्र सिंह ने कहा कि परिजन की तरफ से तहरीर मिली है। अज्ञात वाहन के खिलाफ मामला दर्ज करके छानबीन की जा रही है।